कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

क्र./ESTB/34426/2026-ESTT SEC/1191 भिलाई, दिनांक 16/10/2026

//आदेश//

नगर पालिक निगम, भिलाई में पदस्थ समस्त जोन आयुक्त अपने प्रभार क्षेत्रान्तर्गत वर्तमान पदीय दायित्वों के निर्वहन हेतु निम्नलिखित बिन्दुओं पर अपने कर्त्तव्यों का पालन करना अनिर्वायतः सुनिश्चित करेगें :–

1. अपने प्रभार जोन क्षेत्रान्तर्गत जारी भवन अनुज्ञा का निरीक्षण कार्य एवं राजस्व/सम्पदा से संबंधित प्रकरणों का वार्ड प्रभारी द्वारा प्रस्तुत स्थल प्रतिवेदन का सत्यापन कार्य।
2. समस्त जनगणना/निर्वाचन कार्य संबंधी कार्यो का त्वरित क्रियान्वयन।
3. जोन क्षेत्रान्तर्गत तालाबों एवं अन्य स्थानों की सहायक जोन स्वास्थ्य अधिकारी के माध्यम से साफ–सफाई व्यवस्था की व्यापक जिम्मेदारी।
4. जोन क्षेत्रान्तर्गत स्ट्रीट लाईटों की समुचित व्यवस्था एवं समय पर संधारण कार्य।
5. जोन क्षेत्रान्तर्गत अतिक्रमण के प्रकरणों का त्वरित निराकरण।
6. प्रयोग में लाये जा रहे अति आवश्यक वाहनों का आवश्यकतानुसार संधारण कार्य।
7. जोन क्षेत्रान्तर्गत हो रहे निर्माण कार्यो की समय–समय पर निगरानी हेतु जी.ओ. टैंग फोटो ग्रुप में शेयर करते हुए निरीक्षण कार्य।
8. जोन क्षेत्रान्तर्गत राजस्व/सम्पत्तिकर वसूली का आकलन कर समीक्षा करना।

समस्त जोन आयुक्त जोन क्षेत्रान्तर्गत पदस्थ अभियंताओं, सहायक राजस्व अधिकारी एवं सहायक जोन स्वास्थ्य अधिकारी को क्षेत्र के नागरिकों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित करेगें तथा उपरोक्त उल्लेखित कर्त्तव्यों एवं समय–समय पर उच्चाधिकारियें द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करेंगें।

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

Digitally signed by SURUCHI SINGH
Date: 13-10-2026 15:43:58

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

पृ.क्र./ESTB/34426/2026-ESTT SEC/1192 भिलाई, दिनांक 16/10/2026

प्रतिलिपि :–

1. महापौर/अध्यक्ष, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
2. अपर आयुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
3. मुख्य अभियंता, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
4. अधीक्षण अभियंता, नगर नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
5. उपायुक्त I/II, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
6. जोन आयुक्त, जोन क्रमांक 1,2,3,4 एवं 5 नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
7. लेखाधिकारी/जनसंपर्क अधिकारी, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
8. सहायक अधीक्षक सामान्य प्रशासन विभाग, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
9. प्रभारी लिपिक, सामान्य प्रशासन विभाग, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
10. प्रभारी लिपिक डाटा सेंटर, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ एवं निगम की वेबसाईट में अपलोड हेतु।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई